डॉ॰ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक: COE/179 /2024 दिनांक: 23/04 /2024

अधिसूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **राष्ट्रीय शिक्षा नीति– 2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक स्तर के बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम. द्वितीय, चतुर्थ व षष्ठम सेमेस्टर एवं परास्नातक स्तर के एम.ए., एम.एस.सी., एम.कॉम. द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर मई– 2024** की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले छात्र–छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र पूरित करने की तिथि निम्नवत् निर्धारित की जाती है:–

क्र0स0	सम (EVEN) सेमेस्टर परीक्षा मई–2024
1.	स्नातक – बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम. द्वितीय, चतुर्थ व षष्ठम सेमेस्टर
2.	परास्नातक – एम.ए., एम.एससी., एम.कॉम., द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर

1	बैच बनाकर परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि	दिनांक 05.05.2024
2	विलम्ब शुल्क रु0 500/– प्रति छात्र के साथ बैच बनाकर परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि।	दिनांक 08.05.2024
3	परीक्षा फार्म पूरित किये जाने की अन्तिम तिथि।	दिनांक 10.05.2024
4	प्रवेश पत्र निर्गत किये जाने की सम्भावित तिथि।	दिनांक 12.05.2024
5	परीक्षा आरम्भ होने की प्रस्तावित तिथि।	मई के द्वितीय सप्ताह में

अतः ऐसे समस्त छात्र/छात्रायें जो परीक्षा आवेदन पत्र पूरित करना चाहते है वह विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.dbrau.ac.in पर सम्बन्धित महाविद्यालय के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र पूरित कराना सुनिश्चित करें।

नोटः–

1. **शुल्क जमा के उपरान्त दो दिन के अन्दर परीक्षा आवेदन पत्र अवश्य पूरित करले, अन्यथा पोर्टल बन्द हो जायेगा, जिसे आर्थिक दण्ड के बाद खोला जाना सम्भव होगा।**
2. **ऐसे महाविद्यालय जिनके द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति– 2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक एवं परास्नातक द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर मई– 2023 के आन्तरिक/प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक निर्धारित सयम तक अपलोड न करने पर रु0 50,000/– आर्थिक दण्ड लगाया गया था तथा सम्बन्धित महाविद्यालयों द्वारा आर्थिक दण्ड जमा न करने पर अगली परीक्षा का पोर्टल नहीं खोला जाएगा तथा परीक्षा केन्द्र नहीं बनाया जाएगा।**

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना से छात्रों को अवगत कराते हुए छात्र–छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र समयान्तर्गत पूरित कराने का कष्ट करें।
2. प्रो0 मनु प्रताप सिंह, नोडल अधिकारी।
3. उपकुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय/अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय/अधीक्षक, परीक्षा।
4. प्रभारी, कुलपति सचिवालय को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
5. विश्वविद्यालय जनसम्पर्क अधिकारी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को दैनिक समाचार पत्रों के सभी संस्करणों में विशेष स्थान दिलाते हुए, छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
6. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
7. एजेन्सी–2023 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय के लागईन आई0डी0 पर आज ही अपलोड करतें हुए परीक्षा आवेदन पत्र पूरित कराना सुनिश्चित करें।
8. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक